तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 5 जुलाई 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 बारिश से नदी-नाले उफान पर, पटना-कुड़ेली मार्ग बाधित



## खबर संक्षेप

### एसपी ने बलरामपुर में 161 पुलिसकर्मियों के बदले थाने

अंबिकापुर। बलरामपुर पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल ने जिले में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर प्रशासनिक सर्जरी की है। जिले एसपी श्री बैंकर ने जिले में 161 पुलिसकर्मियों का तबादला आदेश जारी किया गया है। बता दें कि बलरामपुर जिले में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने सख्त निर्देश दिए है। एसपी द्वारा पुलिसकर्मियों को लोगों की शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करने और अपराध पर नियंत्रण करने के निर्देश दिए है। इस बीच व्यवस्था को बेहतर करने के लिए एसपी श्री बैंकर ने जिले के 161 पुलिसकर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है। एसपी द्वारा जिले के 5 सहायक उप निरीक्षक, 25 प्रधान आरक्षक व 131 आरक्षक के थाने बदले है।

### आईटीआई में अप्रैन्टिस पंजीयन सप्ताह 15 तक

अंबिकापुर। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अम्बिकापुर द्वारा 7 जुलाई से 15 जुलाई तक अप्रैन्टिस पंजीयन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि में आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को राष्ट्रीय अप्रैन्टिस पोर्टल पर पंजीयन करवाने में सहायता प्रदान की जाएगी। आईटीआई प्राचार्य चन्देश्वर पैकरा ने बताया कि अप्रैन्टिस पंजीयन अवधि में ऑनलाईन पंजीयन पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट तथा उद्योगों से जुड़ने की प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शन दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी 10 वीं की मार्कशीट, जाति प्रमाण पत्र, निवास, प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मां का परिचय पत्र, दो फोटो के साथ संपर्क कर सकते हैं।

### झारखंड में आयोजित समारोह में दी 450 करोड़ की स्वीकृति

# अंबिकापुर से गढ़वा तक बनेगी 4 लेन सड़क, केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- रामानुजगंज तक स्वीकृत है 2 लेन सड़क

छत्तीसगढ़ को झारखंड से जोड़ने वाली एनएच 343 की सड़क अब अंबिकापुर से गढ़वा तक फोर लेन बनेगी। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसकी घोषणा की है। गुरुवार को झारखंड के गढ़वा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने स्थानीय विधायक की मांग पर इसकी घोषणा की है। बड़ी बात यह है कि अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच पहले से ही पेव शोल्डर के साथ दो लेन सडक की स्वीकृति मिल चुकी है और 746 करोड़ की सड़क के निर्माण के लिए काम भी शुरू हो गया है जबकि अंबिकापुर से गढ़वा तक 4 लेन सड़क के निर्माण हेतु केन्द्रीय मंत्री ने 450 करोड़ रूपए की घोषणा और की गई है।

दरअसल छत्तीसगढ़ को झारखंड से जोड़ने वाली एनएच 343 की सड़क पर अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच 2 लेन सड़क निर्माण के लिए केंद्र सरकार की ओर से 746 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है। शासन द्वारा 21 अप्रैल 2022 को दो खडों में सड़क निर्माण की स्वीकृति दी जिसके तहत राजपुरी खुर्द से पाढ़ी के बीच 49 किलोमीटर सड़क के लिए 397.44 करोड़, बड़की महरी से रामानुजगंज के बीच 29.430 किलोमीटर सड़क के लिए 199.05 करोड़ की स्वीकृति दी गई जबकि बाद में संजय नगर से राजपुरीखुर्द के बीच 13.700 किलोमीटर बाईपास सड़क निर्माण हेतु 149.94 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के ढाई वर्षों बाद भी काम शुरू नहीं हो पाया हुआ इसका कारण सड़क के बीच पड़ने वाले घने जंगल है। लम्बे समय तक चली प्रक्रिया के बाद अंततः सड़क पेड़ों के कटाई की स्वीकृति मिली। पेड़ों की कटाई का काम चल रहा है जबकि टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ठेकेदार भी आ चुके है लेकिन फिलहाल बारिश के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। अधिकारी बारिश के बाद काम शुरू होने की बात कह रहे है लेकिन वर्तमान में अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच सड़क की हालत बेहद दयनीय बनी हुई है और लोगों का आवागमन करना मुश्किल हो गया है।



### 15 मीटर चौड़ी होती है फोर लेन सड़क

बता दें कि वर्तमान में अंबिकापुर से रामानुजगंज तक 2 लेन सड़क निर्माण की ही स्वीकृति मिली थी। 2 लेन सड़क की चौड़ाई पेव शोल्डर के साथ 10 मीटर की होती है जबकि 4 लेन सड़क 15 मीटर की होती है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच सड़क निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण और पेड़ों के कटाई की अनुमति 4 लेन के हिसाब से ही ली गई है लेकिन इसके आगे झारखण्ड में बड़ा इलाका वन विभाग में आता है। ऐसे में रामानुजगंज से गढ़वा के बीच एक बार फिर से सर्वे किया जाएगा, डीपीआर तैयार किया जाएगा और तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद पेड़ों की कटाई की अनुमति ली जाएगी, भूमि अधिग्रहण किया जाएगा जिसके बाद ही काम शुरू हो पाएगा। सिर्फ सर्वे के काम में दो वर्ष का समय लग सकता है। ऐसे में 4 लेन के काम में न्यूनतम तीन साल का समय लगने की संभावना जताई जा रही है।

# झारखंड से गिरफ्तार किया गया भू-माफिया का साथी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पहाड़ी कोरवा ग्रामीण की जमीन हथियाने और आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में था फरार

पहाड़ी कोरवा ग्रामीण की जमीन हथियाने और उसे आत्म हत्या के लिए मजबूर करने के मामले में फरार चल रहे भू माफियाओं में से एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे आरोपी को झारखण्ड से गिरफ्तार किया है जबकि इस मामले में पूर्व में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

बता दें कि राजपुर के बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम भेस्की निवासी 65 वर्षीय भईरा राम आ. स्व. चुटरु पहाड़ी कोरवा ने 22 अप्रैल को फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही थी। जांच के दौरान मृतक के पुत्र संतराम, श्रीमती सुखमनिया, बसंत, श्रीमती भिन्सारी सहित अन्य लोगों के बयान लिए गये जिसमें इस बात की पुष्टि हुई कि नवंबर 2024 में राजपुर निवासी विनोद अग्रवाल उर्फ मघु और प्रवीण अग्रवाल ने कूटरचित दस्तावेजों के साथ शातिर तरीके से मृतक भईरा पहाड़ी कोरवा के पुत्नी जुवारो बाई को तहसील कार्यालय लेजाकर नवकी निवासी शिवाराम नगेसिया के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री करा ली थी। विनोद अग्रवाल उर्फ मघु, प्रवीण अग्रवाल के साथ ही सुदामा, राजू, राजेन्द्र, पिंटू, दिलीप तिग्गा द्वारा भईरा को धमकी दी जाती थी और उसे अपना घर जमीन खाली करने के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी लिए पहाड़ी कोरवा ग्रामीण ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 108, 3(5) एवं 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर पूर्व में कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसी प्रकरण में आरोपी बरियों मंदिर पारा निवासी 46 वर्षीय सुदामा उर्फ बाबूलाल श्रीवास्तव आ. मोहित लाल श्रीवास्तव की तलाश की जा रही थी। आरोपी सुदामा उर्फ बाबूलाल लम्बे समय से फरार चल रहा था। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर झारखंड के पलामू अंतर्गत पाकी ग्राम सहजनवा से सुदामा उर्फ बाबूलाल श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया गया। वहीं इस मामले में विनोद अग्रवाल उर्फ मघु, प्रवीण अग्रवाल के ऊपर एसपी ने इनाम की घोषणा की है। मामले में आरोपी विनोद अग्रवाल उर्फ मधु, प्रवीण अग्रवाल, राजेन्द्र मिंज, राजू उर्फ धरम पाल कौशिक की तलाश जारी है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## सड़क पर झूलते विद्युत तार में फंसकर गिरा स्कूटी सवार, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर**। सड़क पर झूलते विद्युत तार से फंसकर गिरने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति का उपचार रायपुर में जारी है जबकि इस मामले में अब परिजन की शिकायत पर पुलिस ने विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि बौरीपारा निवासी सुरेश सोनी आ. स्व. बाल गोविन्द सोनी 2 जुलाई की भोर में 4-5 बजे के बीच अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 6306 से अपने घर से खरसिया नाका की तरफ किसी काम से जा रहे थे। इस दौरान सदर रोड कद्मी चौक जयपुरी कुर्ती दुकान के समीप एक विद्युत तार झूल रहा था। विद्युत विभाग की लापरवाही और अनदेखी के कारण झूलते हुए तार में फंसकर गिर गए। दुर्घटना के बाद सुरेश सोनी घंटों सड़क पर बेहोश पड़े रहे। सुरेश सोनी को पुलिस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिलहाल सिर में गंभीर चोट के कारण वे रायपुर में भर्ती है। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इधर इस मामले में सुरेश सोनी के भतीजे अभिषेक सोनी आ. गिरवर प्रसाद ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है जिसपर पुलिस ने घटनास्थल से संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 289 व 125(ए) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## मृतक की चार दिन बाद भी नहीं हुई पहचान

**अम्बिकापुर**। शहर के पुलिस लाइन के समीप सड़क किनारे गंभीर हालत में मिले युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो जाने के चार दिन बाद भी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस मृतक की शिनाख्त के लिए शव को मरच्यूरी कक्ष में रखा है। अस्पताल के पुलिस कर्मियों के मुताबिक 1 जुलाई को लगभग 40 वर्षीय युवक पुलिस लाइन के मुख्य मार्ग किनारे अचेत हालत में पड़ा हुआ था। सूचना पर डायल 112 की टीम युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान 1 जुलाई की रात लगभग 9.30 बजे युवक की मौत हो गई। मृतक के साथ कोई परिजन नहीं होने पर पुलिस ने शव को पहचान के लिए मरच्यूरी कक्ष में रखा है। घटना के चार दिन बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी।



## खबर संक्षेप

### मैंगो और येलो कलर डे का आयोजन



मनेन्द्रगढ़। बचपन प्ले स्कूल में मैंगो डे एवं येलो कलर डे का आयोजन किया गया। मैंगो डे आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को आम से होने वाले फायदे एवं नुकसान की जानकारी देना था। सर्वप्रथम बच्चों को यह बताया गया कि कच्चे आम को रॉ मैंगो एवं पके आम को राइप मैंगो के नाम से जाना जाता है। आम की बहुत सारी प्रजातियां होती हैं। आम में विटामिन ए, विटामिन सी और विटामिन ई के साथ-साथ पोटेशियम एवं मैग्नीशियम जैसे खनिज भी होते हैं। आम में फाइबर होता है, जो शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है। संस्था की काउंसलर श्रीमती सोनाली दास ने बच्चों को बताया कि हमें आम एक पौष्टिक फल है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रीति ने किया।

### बालग्राम ढुलकू के बच्चों को मिला बैग और कॉपी



मनेन्द्रगढ़। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को मजबूती देते हुए स्व. श्रीमती बनारसी देवी फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को बालग्राम ढुलकू स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को स्कूली बैग और कॉपियों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस पुनीत कार्य का संचालन अनीता फरमानिया की अगुवाई में हुआ, जिन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षा का महत्व समझाया और कहा कि हमारी यह छोटी सी पहल बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव रखने में सहायक बने, यही उद्देश्य है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, ग्रामीणजन व बच्चे काफी संख्या में उपस्थित रहे। बच्चों के चेहरों पर नई कॉपियां व बैग पाकर खुशी साफ झलक रही थी।

### स्कूल में वर्षा ऋतु उत्सव का किया गया आयोजन

मनेन्द्रगढ़। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में प्री-प्राइमरी कक्षाओं द्वारा वर्षा ऋतु उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी से केजी-2 तक केक सभी छात्र-छात्राओं ने इस रंगारंग कार्यक्रम में भाग लेकर उत्सव को यादगार बना दिया। बच्चों ने वर्षा ऋतु से संबंधित गतिविधियों में हिस्सा लिया और रिमझिम फुहारों के बीच नृत्य का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम की श्रृंखला में केजी-1 की कक्षा अध्यापिका श्रीमती रश्मि सोनी ने बच्चों को वर्षा ऋतु के महत्व से अवगत कराया।

## बासन नदी समेत कई जगहों पर रपटे के ऊपर बहा पानी

# बारिश से नदी-नाले उफान पर, पटना-कुड़ेली मार्ग बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर



उफान पर नदी-नाले।

- पुल निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी

कोरिया-एमसीबी जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते कई नदी-नाले उफान पर हैं, जिससे ग्रामीण मार्गों पर आवागमन प्रभावित हो रहा है। पटना-कुड़ेली मार्ग पर स्थित बासन नदी में शुक्रवार को जलस्तर बढ़ने से रपटे के ऊपर से पानी बहने लगा, जिससे इस मार्ग पर कई घंटों तक वाहनों की आवाजाही बंद रही। जानकारी के अनुसार इन दिनों हुई बारिश के कारण जिले के पटना से कुड़ेली मार्ग पर पड़ने वाला बासन नदी का जल स्तर बढ़ गया है, इसके चलते इस मार्ग पर लोगों का आवागमन बाधित हुआ है। जानकारी के अनुसार पटना से कुडेली मार्ग पर पड़ने वाले बासन नदी पर रपटा का निर्माण कार्य कराया गया है। बीते दिनों हुई बारिश के कारण नदी के जल स्तर बढ़ने के कारण बासन नदी में बने रपटे के उपर से पानी का बहाव हो रहा है। इस कारण कई लोग सुरक्षा कारणों से नदी को पार नहीं कर रहे हैं। बासन नदी में शुक्रवार को जल स्तर बढ़ने के कारण पटना कुड़ेली मार्ग पर घंटो वाहनों की आवाजाही बंद रही। वहीं कुछ लोग पैदल जान जोखिम में नदी पार करते रहे, लेकिन वाहन चालक सुरक्षा कारणों से नदी पार नहीं कर रहे थे।

### अंधेरे में ग्रामीण, ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

विद्युत ट्रांसफार्मर में बीते दिनो आकाशीय बिजली गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। लोगों को अंधेरे में रहने की मजबूरी बनी हुई है, इसे लेकर जनपद सदस्य गणेश राजवाड़े ने शिकायत छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता बैकुंठपुर को सौंपकर जल्द सुधार करने की मांग की गई। विद्युत विभाग को 4 जुलाई को शिकायत देकर अवगत कराया गया कि ग्राम खरवत के खालपारा मोहल्ले में बीते दिनों विद्युत ट्रांसफार्मर में आकाशीय बिजली गिर गया था, इसके बाद क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। लोगों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है तथा विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोगों को इस बरसात के सीजन के कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनपद सदस्य गणेश राजवाड़े ने विद्युत विभाग को सौंपे अपने शिकायत में मांग की है कि जल्द ही ट्रांसफार्मर का सुधार कार्य किया जाए, जिससे कि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बहाल की जा सके।



# निगरानी बदमाशों और सक्रिय चोरों की हुई परेड

- हाउसिंग बोर्ड चोरी मामले में पूछताछ

बैकुण्ठपुर। जिले में बढ़ रही चोरी की घटनाओं की रोकथाम और हालिया चोरी मामलों की विवेचना को लेकर एसपी रवि कुमार कुर्रे के निर्देशानुसार पुलिस लाइन में जिले के निगरानी बदमाश, संदिग्ध एवं सक्रिय चोरों की परेड कराई गई और उनसे पूछताछ की गई।

इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बैकुंठपुर राजेश साहू, थाना प्रभारी विपिन लकड़ा, साइबर प्रभारी विनोद पासवान सहित अन्य पुलिस अधिकारी व स्टाफ मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान संदिग्धों के फोटोग्राफ लिए गए एवं उनके निवास, गतिविधि व आय के स्रोत की जानकारी भी एकत्र की गई। परेड के दौरान हाल ही में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और तलवापारा में हुई चोरी की घटनाओं को लेकर भी विशेष पूछताछ की गई। जानकारी के अनुसार थाना सोनहत, बैकुंठपुर, पटना और चरचा क्षेत्रों से लगभग 20 संदिग्धों को बुलाकर पूछताछ की गई तथा आवश्यक चेतावनी भी दी गई है।

# लंबे समय बाद एसईसीएल कालोनियों में नालियों की सफाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरिया कॉलरी

- कोरिया कॉलरी के स्थानीय नागरिकों ने ली राहत की सांस

बारिश के मौसम को देखते हुए कोरिया कालरी स्थित एसईसीएल की कालोनियों में लंबे समय से जमी गंदगी और अवरुद्ध नालियों की सफाई का कार्य आखिरकार शुरू हो गया है।

वर्षों से उपेक्षित पड़ी इन नालियों में प्लास्टिक बोतलें, लकड़ियां, पन्नियां और पत्थर जाम की स्थिति पैदा किए हुए थे, जिससे पानी का बहाव रूक गया था और मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा था, इससे बीमारियों का खतरा मंडराने लगा था। हालांकि अब ठेकेदार द्वारा सफाई कार्य में तेजी लाई गई है



और पूरी गंभीरता के साथ नालियों की सफाई की जा रही है। एसईसीएल के अंतर्गत आने वाले लगभग सभी मोहल्लों में यह कार्य युद्धस्तर पर जारी है। कई कालोनियों की नालियां पूरी तरह साफ हो चुकी हैं, जिससे बारिश का पानी आसानी से निकल रहा है। वहीं अन्य क्षेत्रों में लगभग 10 से 12 सफाई कर्मियों की टीम लगातार जुटी हुई है।

ठेकेदार का कहना है कि इस बार मानसून की शुरूआत में ही सभी नालियों को साफ करने का लक्ष्य है, ताकि जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिल सके। सफाई कर्मचारियों की पूरी टीम दिन-रात मेहनत कर रही है। स्थानीय निवासियों ने लंबे समय बाद इस तरह की ठोस कार्रवाई पर संतोष जताया है। लोगों का कहना है कि यदि यह कार्य समय पर और नियमित रूप से होता रहे, तो क्षेत्र में स्वास्थ्य समस्याओं और गंदगी से काफी हद तक बचाव हो सकता है।

### साहित्यकार सतीश की लघुकथा का प्रकाशन राष्ट्रीय संकलन में

मनेन्द्रगढ़। हर व्यक्ति के जीवन में मां का स्थान सबसे ऊंचा होता है। इस भावनात्मक संबंध को शब्दों में पिरोना कोई आसान काम नहीं। राष्ट्रीय स्तर पर इंदौर से प्रकाशित कथा संकलन का महत्व तब और बढ़ जाता है जब डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश, नरेन्द्र सिंह तोमर अध्यक्ष विधानसभा मध्यप्रदेश, पंडित प्रदीप मिश्रा अंतरराष्टीय कथा वाचक ,पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री पीठाधीश्वर बागेश्वर धाम सरकार, प्रहलाद सिंह पटेल पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री मध्यप्रदेश आदि प्रमुख व्यक्तियों के संस्मरणों के साथ मनेन्द्रगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार एवं हिंदी साहित्य समिति के जिला प्रभारी सतीश उपाध्याय की जीवंत लघुकथा का प्रकाशन भी हिंदुस्तान के प्रमुख रचनाकारों के नाम के साथ सम्मिलित किया जाता है।

# व्यावसायिक प्रतिष्ठान से 24 नग घरेलू सिलेंडर जब्त



जनकपुर। एमसीबी जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट एवं एसडीएम भरतपुर एसएस मिश्रा के निर्देश पर बीते दिनों राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने घरेलू गैस सिलेंडर का दुरूपयोग को रोकने के लिए विकासखंड मुख्यालय जनकपुर नगर में संचालित होटलों एवं रेस्टोरेंट में छपामार कार्रवाई किया गया। इस दौरान होटलों एवं रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सलेंडर का उपयोग करते हुए पाए जाने एवं उपयोग के बाद खाली रखी हुई 24 नग घरेलू गैस सलेंडर 14.2 किलो ग्राम वजन का एवं 1 नग 3 किलोग्राम वजन का खाली व आंशिक रूप से भरे हुए पाए गए। संयुक्त टीम द्वारा मौके पर उपरोक्त 24 नग घरेलू गैस सलेंडर की जब्ती कार्रवाई की गई।

# कृषि विभाग के सहायक संचालक को दी गई विदाई



बैकुण्ठपुर। उप संचालक कृषि कार्यालय में पदस्थ सहायक संचालक कृषि शिवशंकर सिंह एसएस सिंह 30 जून को अधिवार्षिक आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर कृषि परिवार कोरिया द्वारा उनके सम्मान में भावभीन विदाई समारोह आयोजित किया गया।

समारोह की शुरूआत एसएस सिंह का चंदन तिलक एवं पुष्पहार से स्वागत करते हुए की गई। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि कोरिया राजेश भारती ने अपने वक्तव्य में कहा कि श्री सिंह एक सरल, सहज, मृदुभाषी और परिपक्व अधिकारी रहे हैं। उन्होंने हर परिस्थिति में धैर्यपूर्वक एवं दक्षता से शासकीय दायित्वों का निर्वहन किया। वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सभी के साथ उनका व्यवहार सदैव मधुर एवं प्रेरणादायी रहा। राजेश भारती ने कहा कि विभाग एक कुशल और अनुभवी अधिकारी को खो रहा है, जो निश्चित ही एक अपूरणीय क्षति है, परंतु शासन की व्यवस्था के अनुसार यह स्वाभाविक प्रक्रिया है। उन्होंने कोरिया और एमसीबी कृषि परिवार की ओर से श्री सिंह के स्वस्थ, सुखद एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की। कार्यक्रम को एमसीबी जिला सहायक संचालक कृषि जयंत कुमार पैकरा ने संबोधित किया। उन्होंने श्री सिंह को सच्चा हितैषी और मार्गदर्शक बताते हुए उनके कार्यशैली और व्यवहार की सराहना की। कृषि परिवार कोरिया एवं एमसीबी कृषि परिवार की ओर से श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।

# सुदूर वनांचल पहुंचे सीईओ, आवास हितग्राहियों से किए संवाद



निरीक्षण करते सीईओ

बैकुण्ठपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के पास जल्द से जल्द पक्का मकान हो। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की इस मंशा को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने सोनहत जनपद पंचायत क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया।

जिले की दूरस्थ पंचायत रामगढ़ पहुंच कर उन्होंने गांव का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने आवास योजना ग्रामीण के दर्जनभर हितग्राहियों से संवाद कर उनके आवास की प्रगति का अवलोकन करते हुए मैदानी अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिला पंचायत सीईओ ने रामगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही मोहम्मद खुर्शीद, ताहिर, प्रियंका, मनीराम सहित लगभग दर्जनभर हितग्राहियों से मुलाकात की। सभी के आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण कर उन्होंने हितग्राहियों को जल्द कार्य पूर्ण करने के लिए समझाइश दी गई। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में जिले में आवास योजना ग्रामीण का क्रियान्वयन तेजी से कराया जा रहा है। सभी हितग्राहियों को हर संभव मदद देने के लिए जिला प्रशासन हमेशा तैयार है और तकनीकी टीम लगातार आवास निर्माण में आवश्यक सुझाव देने के लिए जा रही है। हितग्राहियों से आग्रह है कि जल्द अपने पक्के मकान का सपना पूरा करने में तत्परता लाएं।

### युवाओं के प्रशिक्षण के लिए निर्देश

बैकुण्ठपुर। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सभा कक्ष में शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के पंजीयन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कलेक्टर सह अध्यक्ष, जिला परियोजना, लाइवलीहुड कॉलेज कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं जिला पंचायत सीईओ सह संचालक डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देशन में संपन्न हुई। बैठक में लाइवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य ए.पन्ना ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न ट्रेडों में निर्धारित लक्ष्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले को कुल 630 प्रशिक्षणार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसकी पूर्ति के लिए ट्रेडवार चयनित युवाओं की सूची तैयार की जा रही है। प्राचार्य पन्ना ने सभी ग्राम सचिवों को निर्देशित किया कि चिन्हांकित युवाओं से 15 दिवस के भीतर पंजीयन फॉर्म भरवाकर जनपद पंचायत में स्किल डेवलपमेंट प्रभारी अधिकारी को जमा करें।

**न्यायालय तहसीलदार भटगांव**
**जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- ब-121/2024-2025

**ईश्तहार**

**बोधन सिंह प्रति छ.ग.शासन**

आम जनता ग्राम बतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक बोधन सिंह आ. स्व. प्रेम सिंह उम्र 59 वर्ष जाति गोड़ निवासी ग्राम बतरा तहसील भटगांव जिला सूरजपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि आवेदक एस.ई.सी.एल. भटगांव क्षेत्र शिवानी खदान मे कार्यरत लाईन मिस्त्री के पद पर पदस्थ है। आवेदक के सर्विस सीट मे बोध सिंह ( Bodh singh) है और आधार कार्ड, पेन कार्ड मे बोधन सिंह (Bodhan singh) दर्ज है। उक्त दोनो नाम एक ही व्यक्ति हैं। आवेदक द्वारा आधार कार्ड व पेन कार्ड के आधार पर सुधार कराकर प्रमाण पत्र जारी कराने मय आवेदन, शपथ पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पास बुक छाया प्रति, ऋण पुस्तिका की छाया प्रति सहित पेश किया गया है।

उक्त नाम भिन्नता प्रमाण पत्र संबंधित प्रकरण में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति दिनांक 10/07/2025 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 24/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**भटगांव**
**जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

सरगुजा मार्केट

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ.एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
दिनांक - 12 जुलाई, शनिवार
रॉंची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ. आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक - 13 जुलाई, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9617247433

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 6 जुलाई 2025, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
मो. 7587722255

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
दिनांक 24 जुलाई 2025
दिन - गुरूवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जॉंच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 6 जुलाई 2025, रविवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

वरिष्ठ एवं अनुभवी कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, Dr. NB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
दिनांक - 5 जुलाई 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 06 जुलाई 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

न्यूरो ओ.पी.डी. - प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 12 जुलाई, 2025
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331, 9488142243, 7869917120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अम्बिकापुर

TOP IN SURGUJA

बैठने का समय :-
सुबह - 9:30 से 1:30 बजे तक
शाम - 6:00 से 8:00 बजे तक
डॉ. चंद्रांशु त्रिपाठी
MBBS, MS (General Surgeon) MCH (Urology)
Consultant Urologist, Andrologist, Uro-Oncologist
Laparoscopic & Kidney Transplant Surgeon
गुर्दा (किडनी), मूत्राशय एवं प्रोस्टेट रोग, पथरी, पुरूष प्रजनन रोग विशेषज्ञ
श्री राम हॉस्पिटल
सम्बंधित परेशानी एवं लक्षण हेतु
पेशाब करने में कठिनाई, रक्त या असामान्य स्त्राव
पीठ के निचले हिस्से में दर्द जननांगों में दर्द
बार-बार पेशाब आना किडनी की पथरी
गुर्दे व पेशाब नली के पथरी का सर्जरी
पेशाब करते समय दर्द या जलन
अत्याधुनिक दूरबीन तकनीक द्वारा सभी प्रकार के पथरी का सर्जरी
शितला वार्ड, अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
जानकारी व पंजीयन हेतु 8770785415, 07774-220208

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
न्यूरोसर्जन डॉ.आशु जैन MBBS, MS., M.CH Neuro Surgeon
डॉ.विनय कुमार ए.वी. एसोसिएट कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजी (किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ.आकाश गर्ग एमबीबीएस, डीएनबी (मेडिसिन) डॉएनबी (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी) गैस्ट्रो - इंटेस्टाइनल एवं लिवर विशेषज्ञ
6 जुलाई 2025
दिन - रविवार

अमृत काढ़ा काजमी
मलेरिया एवं टाईफाईड अचूक औषधि
यह दवा 8 प्रकार के बुखारों को मात्र 3 खुराक में जड़ से समाप्त कर देती है।
विजरा माल्ट
शादी से पहले या शादी के बाद में पुरूष बांझपन एवं नंपुशक्ता का विश्व का सबसे उत्तम दवा एक भी शुक्र कीट जिंदा या मुर्दा मिलने पर 100% ईलाज
विजरा पावर
शादी के बाद यह दवा पहले से दसवें दिन तक किसी तरह के कमजोरी को दूर कर सिथिलता एवं शीघ्र पतन को दूर कर आंतरिक ताकत का एहसास कराती है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर
मो. 9826461355

के आर टेक्निकल कॉलेज
(A POST GRADUATE COLLEGE)
Celebrating 17 Years of Excellence
8435061866, 9926020334, 9926513170
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर से संबध उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ से मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली से अनुमोदित
ADMISSION OPEN 2025-26 (REGULAR COURSE)
DCA | BCA | BBA | BCOM
BSC (BIO/MATHS/CS) | BA | MSC (BOTANY/ZOOLOGY) | MSC (CHEMISTRY)
MSC (MATHS) | MSC (PHYSICS) | MSC (CS/IT) | MCOM
MSW | MA* (HINDI) | PGDBM | PGDCA
SC, ST और OBC छात्रों को छात्रवृत्ति
नवीन कॉलेज कैंपस
अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे संजय नगर, जिला - सूरजपुर, छ.ग.
सिटी ऑफिस
कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमनाकला, अंबिकापुर सरगुजा, (छ.ग.), मो. 98261-83771
NEW COLLEGE CAMPUS

# खबर संक्षेप



## मोहर्रम त्यौहार के मद्देनजर थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**बिश्रामपुर।** मोहर्रम त्यौहार को शांतिपूर्ण व सौहार्द के साथ मनाने के लिए बिश्रामपुर थाना में लटोरी तहसीलदार सुरेन्द्र पैकरा,सूरजपुर सीएसपी अभिषेक पैकरा व नवनियुक्त थाना प्रभारी की अगुवाई में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों के बीच शुक्रवार को शाँति समिति की बैठक सम्पन्न हुई,बैठक में उपस्थित लोगों से त्यौहार में निकलने वाले ताजिया के समय,रूट और मैनेजमेंट के बारे में पुलिस अधिकारीयों ने जानकारी ली,इस दौरान मस्जिद के सदर सलीम खान ने बताया कि इस बार मोहर्रम त्यौहार रविवार के दिन मनाया जाना है, मातमी जुलुस करबला मैदान से शाम 5 बजे निकाला जायेगा,यहाँ पर इतवारी बाजार संचालित होने से इस रोड में आवाजाहि बहुत रहती है,इस कारण से स्टेट बैंक-इतवारी बाजार रोड को कुछ समय तक क्लियर रखने की मांग की गई, इसके अलावा क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों के बारे में चर्चा की गई,लोगों द्वारा बताया गया कि अयप्पा ग्राउंड में नशेड़ी युवकों द्वारा शराब की खाली बोतलें फोड़ दी जा रही हैं जिससे जमीन पर पड़े कांच के टुकड़ों से जूनियर क्रिकेट खिलाड़ीयों को चोट लगने का खतरा बना रहता है,कार्मेल स्कूल सतपता में छुट्टी के दौरान यातायात पुलिस स्टॉफ लगाने की मांग रखी गई, स्कूल की छुट्टी के दौरान बड़े मालवाहक वाहन के तेज गति से गुजरने से हादसा होने का खतरा बना रहता है, इसके अलावा थाना परिसर के सामने ड्रेनेज़ का पानी निकासी जमीन पर बहने से गेट के सामने बन रहे किचड़ समस्या के बारे में बताया गया, सभी समस्याओं के निराकरण किये जाने की बात सूरजपुर सीएसपी व बिश्रामपुर थाना प्रभारी द्वारा कही गई है, शाँति समिति की बैठक के दौरान शिवनन्दनपुर संचालन समिति के शितिकान्त स्वाईं बाबू, कृष्ण गोयल बल्लु, एहमद वाहिद, सलीम खान, जगरनाथ यादव,शाहिद आलम, एजाज एहमद जिम्मी, जनपद सदस्य गोविंदपुर संतोष सिंह बंटी, अफरोज खान,शानू खान उपस्थित थे। फोटो

## कोल इंडिया कर्मियों के परिवार व सदस्यों को नि:शुल्क लगेगी एचपीवी वैक्सीन

**बिश्रामपुर।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए कोल इंडिया एवं उसकी सहयोगी कंपनियों में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों के बच्चियों एवं महिला सदस्यों आश्रितों जिनकी उम्र 9 से 26 वर्ष के बीच है,उन्हें कंपनी एचपीवी वैक्सीन (इंजेक्शन) मुफ्त में लगाने जा रही है।केंद्रीय चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उमाशंकर बैठा ने बताया कि जो भी अधिकारी कर्मचारी या उनके आश्रित परिवार के सदस्य वैक्सीन लगवाना चाहते हैं, वे केंद्रीय चिकित्सालय में अपना नाम व आवश्यक विवरण दर्ज कराएं। टीकाकरण कोल इंडिया द्वारा निःशुल्क किया जाना है।बता दें कि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर को सर्वाइकल कैंसर कहा जाता है,उक्त टीकारण इसके बचाव के लिए उपयोगी व लाभदायक होता है।

## डॉ. अंबेडकर चौक स्थित किराना दुकान में रोशनदान काटकर घुसे चोर

**बिश्रामपुर।** नगर के एनएच 43 में अंबेडकर चौक स्थित के. के. स्टोर्स नामक किराना दूकान के छत पास लगे वेंटिलेशन काटकर अज्ञात चोरों ने दुकान के भीतर प्रवेश करते हुए दुकान के गल्ले में रखा गया चिल्लर रकम सहित विभिन्न कंपनियों के बड़ी मात्रा में पान मसाले व सिगरेट का पॉकेट अपने साथ ले गए हैं,चुराए गये नगदी चिल्लर रकम व किराना सामानों की कीमत करीब 43 हजार रुपये बताई गई है।दुकान संचालक कृष्ण कुमार मित्तल की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4), 305(ए) कायम कर विवेचना में लिया है।घटना दो जुलाई की मध्यरात्रि की बताई गई है।पुलिस मौके पर पहुंचकर वारदात के तरीकों को देखा जिसके बाद क्षेत्र के पुराने चोरियों के मामले में पकड़े गए आरोपी युवकों से पूछताछ के लिए उन्हें थाना बुलाया गया है।

# हेल्थ प्लस

## तेज डायग्नोस्टिक में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में प्रत्येक माह के प्रथम रविवार 8 जुलाई को निम्नांकित डॉक्टर परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग, मनो चिकित्सक डॉ. गौरी शंकर सिंह, मस्तिष्कएवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ मनीष चौरसिया, गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ बीबी कुमार, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. विनय कुमार, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ. आशु जैन, मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेष डॉ. निशांत कुमार साहू संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा, अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगें।



# निधन

## शोभा देवी

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत मेन मार्केट निवासी संदीप होटल के संचालक राजेंद्र प्रसाद गुप्ता की धर्मपत्नी शोभा देवी 58 वर्ष का गुरुवार को उपचार के दौरान अंबिकापुर मिशन अस्पताल में निधन हो गया, वे काफी समय से अस्वस्थ चल रही थीं।परिजन ने बताया कि पिछले दिनों अचानक ब्रेन हैमरेज हो जाने के बाद उन्हें अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां कल गुरूवार को उन्होंने अंतिम सांस ली।शुक्रवार को ग्राम कुरवां स्थित मुक्तिधाम में उनका रीति रिवाज अनुसार अंतिम संस्कार किया गया।



### आवागमन मुश्किल, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

# बारिश से जजावल सड़क की हालत बदतर, कीचड़ में तब्दील हुआ मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

क्षेत्र में पिछले दिनों हुई मूसलाधार बारिश के बाद जजावल मुख्य मार्ग की हालात और भी दयनीय हो गई है। आलम यह है कि पक्की सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए है तो वहीं कच्ची सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया है। ऐसे में न सिर्फ आवागमन करने में लोगों की परेशानी बढ़ गई है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि कि क्षेत्र के लोगों ने सड़क मरम्मत कराने की मांग नहीं की है बावजूद इसके आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया जिससे लोग जर्जर और कीचड़ युक्त सड़क से आवागमन करने को मजबूर है।

**खास बात**
- उखड़ने लगी पक्की सड़क, लोगों में आक्रोश

जजावल मुख्य मार्ग से छोटे वाहन सहित कई यात्री बस आवागमन करती है। ऐसे में मरम्मत के अभाव में सड़क की हालत बदहाल हो चुकी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है जो हादसे को दावत दे रहे है। पिछले दिनों हुई मूसलाधार बारिश के बाद सड़क की हालत और भी दयनीय हो गई है। जगह जगह गड्ढे में पानी एकत्र हो जाने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। बीते दिनों मार्ग से गुजर रही एक यात्री बस के पहिए सड़क से नीचे उतर गया जिससे बस पलटने की स्थिति में था लेकिन ड्राइवर की सूझबूझ से सवार बाल बाल बच गए। इस तरह की घटना बारिश के दौरान हर दूसरे दिन देखी जा सकती है। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के बाद मार्ग से भारी वाहनों के आवागमन करने से सड़क की हालत और भी खराब हो गई। कच्ची सड़क जहां कीचड़ से सराबोर है तो वहीं पक्की सड़क उखड़ने तथा गड्ढा होने से आवागमन करना मुश्किल हो गया है।



कीचड़ से सराबोर जजावल मार्ग।

### आश्रम पहुंच मार्ग हुआ जर्जर, बच्चों की बढ़ी परेशानी

अम्बिकापुर। ग्राम भटकों स्थित कच्ची मार्ग बरसात में पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो गया है जिससे डीएव्ही स्कूल, कन्या पहाड़ी कोरवा आश्रम ,कस्तूरबा गांधी स्कूल के बच्चों को आने जाने में कई तरह की परेशानियों को सामना करना पड़ता है। इधर एक ही मार्ग होने के कारण गांव के लोगों को कीचड़युक्त सड़क पर आवागमन करने को मजबूर है। ग्राम पंचायत भटकों में संचालित मुख्यमंत्री डीएवी स्कूल ,कन्या पहाड़ी कोरवा आश्रम, कस्तूरबा गांधी विद्यालय का संचालित है। ऐसे में क्षेत्र के सैकड़ों बच्चे हर रोज इस एकल मार्ग पर आना जाना करते है। अन्य मौसम में बच्चों को ज्यादा परेशानी तो नहीं होती लेकिन बरसात के मौसम में स्कूली बच्चों की परेशानी काफी बढ़ जाती है। एक तो कच्ची सड़क व दूसरी ओर बारिश के बाद सड़क के कीचड़ में तब्दील हो जाने से आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हालही में हुई बारिश के बाद सड़क कीचड़ से सराबोर हो गया है जिससे कीचड़ में चलना मुसीबत बन गया है साथ ही ग्रामीणों को भी आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



### ग्रामीणों ने की सड़क मरम्मत कराने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि बदहाल सड़क की हालत केवल जजावल तक सीमित नहीं है प्रतापपुर क्षेत्र के कई ग्रामीण क्षेत्र ऐसे में जहां सड़कों की स्थिति बत से बत्तर है। कई गांव ऐसे है जहां आज भी लोग कच्ची गड्ढे नुमा सड़क से आवागमन करते है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने क्षेत्र की जर्जर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है जिससे लोगों को आवागमन के लिए अच्छी सुविधा मिल सके। ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत नहीं किए जाने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

लोग दिन के समय तो किसी तरह मार्ग से गुजर जाते है लेकिन रात को सड़क के गड्ढों में पानी होने से पता ही चलता की कहां सड़क है और कहां गड्ढे। ऐसे में रात के समय राहगीर दुर्घटना के शिकार हो जाते है।



## एक साल में भी नहीं पूर्ण हुआ सामुदायिक शौचालय निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

स्वच्छ भारत अभियान के तहत खुले में शौच से मुक्ति दिलाने गांव में बन रहे सामुदायिक शौचालय का काम ठप हो गया है। राशि जारी होने के बाद भी तत्कालीन सरपंच सचिव ने मिलकर जमकर मनमानी की और एक साल बाद भी शौचालय का काम अधूरा पड़ा हुआ है। आधा अधूरा शौचालय अब देखरेख के आभाव में जर्जर होने की कगार पर है। ऐसे में लाखों रूपए खर्च होने के बाद भी पूर्व सरपंच, सचिव की लापरवाही से ग्रामीणों को सामुदायिक शौचालय का लाभ नही मिल पा रहा है। वही आधे अधूरे शौचालय निर्माण की वजह से सरकार की खुले में शौचमुक्त गांव अभियान पर पानी फिरता नजर आ रहा है। विदित हो कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्राम पंचायत भुषु के पंडरीपानी में साढ़े तीन लाख की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य की शुरुआत वर्ष 2024 में ग्राम पंचायत के तत्कालीन सरपंच रामभगत लकड़ा एवं सचिव सुरेंद्र टोप्पो द्वारा कराई गई थी। सामुदायिक शौचालय बनाकर गांव को खुले में शौच से मुक्ति दिलाना था लेकिन शौचालय का काम पूर्ण होने से पहले ही अनियमितता की भेंट चढ़ गया। तत्कालीन सरपंच सचिव द्वारा निर्माण कार्य की आड़ में कई गई राशि की अफरा तफरी की वजह से शौचालय निर्माण अधूरा रह गया जबकि इसके निर्माण के लिए संबंधित विभाग द्वारा समय सीमा निर्धारित की गई थी। इसके बाद भी तत्कालीन सरपंच रामभगत लकड़ा एवं सचिव सुरेंद्र टोप्पो ने इसे पूरा कराने के बजाए इसे इसके हाल पर छोड़ दिया जिसकी वजह से सामुदायिक शौचालय की हालत अब जर्जर होने लगी है। संबंधित अधिकारियों ने भी इसे पूरा कराने को लेकर अपनी जिम्मेदारी नही निभाई। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि सामुदायिक शौचालय बनने से गांव के लोगों को इसका लाभ मिलता। लोग खुले में शौच करने की बजाय इसका उपयोग करते लेकिन तत्कालीन सरपंच सचिव ने मिलकर योजना पर पानी फेर दिया। आधा अधूरा निर्माण अब जर्जर हो रहा है। उन्होंने इस आधे अधूरे निर्माण के लिए तत्कालीन सरपंच एवं सचिव को दोषी ठहराते हुए उनके विरुद्ध जांच समेत कार्यवाही की मांग की है।

- पूर्व सरपंच, सचिव ने आहरित कर ली राशि, लोगों में आक्रोश

इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खुशबू शास्त्री ने बताया कि जहां भी ऐसे मामले है। उस ग्राम पंचायत के सचिवों को तत्काल अधूरे कामों को पूरा करने के निर्देश दिए गए है ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल सके।



## एनएच की जर्जर सड़क को लेकर युवा कांग्रेस करेगी विरोध प्रदर्शन

**राजपुर।** अंबिकापुर-रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के जर्जर हालत के विरोध में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बृजेश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजपुर एसडीएम को चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा है। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बृजेश यादव ने बताया कि राष्ट्रीय राज्य मार्ग अंबिकापुर से रामानुजगंज झारखंड राज्य को वाली मुख्य सड़क बारिश की वजह से अत्यंत खराब हो चुकी है। गेउर नदी व गागर नदी के पुल-पुलियों पर बड़े बड़े गड्ढे हो चुके हैं जिसमें पानी भरे होने के कारण आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो कर घायल हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों के द्वारा लगातार जर्जर सड़क को सुधारने की मांग की जा रही है साथ ही युवा कांग्रेस के द्वारा पूर्व में भी जर्जर सड़क को सुधारने की मांग की जा चुकी है लेकिन मरम्मत के नाम पर कही कही मिट्टी डाल दिया गया वह भी बारिश के वजह से वो बह गया है नेशनल हाईवे की जर्जर स्थिति को देखते हुए मजबूरी में युवा कांग्रेस एनएच 343 राजपुर में तहसील कार्यालय के सामने 9 जुलाई दोपहर 1 बजे से चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन को करेगी। ज्ञापन सौपने के दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव नीरज तिवारी, एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष रुपेश यादव, पंकज ठाकुर ,पंकज यादव, आलोक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लंबित पदोन्नति से नाराज कोल कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के कर्मचारियों ने शुक्रवार को क्षेत्रीय मुख्यालय में पदोन्नति को लेकर संयुक्त कोयला मजदूर संघ, एटक श्रमिक यूनियन के बैनर तले एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक के माध्यम से क्षेत्रीय महाप्रबंधक के नाम ज्ञापन सौंपा और मांग किया कि एमआर मजदूर रजिस्टर एवं डीआर डेली रेटेड कर्मचारियों की पदोन्नति तत्काल प्रभाव से जारी की जाए।

- एटक श्रमिक यूनियन के बैनर तले क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक को जीएम के नाम सौंपा गया ज्ञापन

संघ के क्षेत्रीय नेता पंकज कुमार गर्ग ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए श्रमशक्ति बजट के आधार पर क्षेत्र की सभी खदानों व यूनिटों में पदोन्नतियां जारी हो चुकी हैं, लेकिन क्षेत्रीय मुख्यालय के कर्मचारियों की फाइलें कार्यालय में लंबित पड़ी हुई हैं एवं धूल खा रही हैं।उन्होंने बताया कि एमआर और डीआर कर्मचारियों को लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है। इससे न केवल आर्थिक नुकसान हो रहा है बल्कि वरिष्ठता में भी वे पिछड़ते जा रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों के चेहरों पर प्रबंधन के विरुद्ध नाराजगी साफ झलक रही थी और कर्मचारी न्याय की मांग कर रहे थे।वंचित कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें जानबूझकर पीछे रखा जा रहा है। एक तरफ़ यूनिट स्तर पर पदोन्नतियां समय पर हो रही हैं, दूसरी तरफ मुख्यालय जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय के कर्मचारी प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार बन रहे हैं।संघ की ओर से स्पष्ट संदेश दिया गया कि यदि प्रबंधन ने इस बार भी अनदेखी की तो चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। इस दौरान संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष हीरालाल, वरिष्ठ नेता वीसी जैन, विनोद सिंह, राजेश सिंह, राजेश त्रिपाठी, मुरली अखय साहू, सजल मित्रा समेत दर्जनों कर्मचारी उपस्थित रहे।



## डिवाइडर के स्ट्रीट लाइट से टकराई कार, तीन घायल

**लखनपुर।** एनएच 130 पर तेज रफ्तार के कारण आए दिन वाहन दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इस बीच बीती रात भी एक तेज रफ्तार बलेनो कार डिवाइडर के स्ट्रीट लाईट से जा टकराई। इस दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। बताया जा रहा है कि गुरुवार की रात 8.30 बजे तेज रफ्तार बलेनो कार एनएच 130 पर ग्राम केवरा में अनियंत्रित होकर डिवाइडर के स्ट्रीट लाईट से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्ट्रीट लाईट का पोल उखड़कर सीधे कार के ऊपर गिरा जिससे कार बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गई। इस घटना में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए लखनपुर सीएचसी में भर्ती कराया। स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। फिलहाल घायल युवकों की पहचान नहीं हो पाई है।



## सेवानिवृत्ति पर प्राचार्य को दी गई विदाई, किया सम्मान

**लखनपुर।** प्राचार्य श्याम लाल के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। संकुल केंद्र गुमगरा कला और गुमगरा खुर्द संकुल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रचार्य को सेवा निवृत्ति पर सम्मानित किया गया। इस दौरान संकुल समन्वयक विनोद कुमार गुप्ता ने प्राचार्य श्याम लाल के बेहतर कार्यकाल के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि प्राचार्य श्याम लाल के नेतृत्व में कोरोना काल जैसे विषम परिस्थितियों में भी लखनपुर विकासखंड शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य किया है। कार्यक्रम में माध्यमिक शाला गुमगराकला प्रधान पाठक शिवब्रत पावले, शासकीय प्राथमिक शाला कटकोना भागीरथी कुमार अजय ने उनके कार्यकाल की सराहना की गई। श्याम लाल द्वारा समस्त शिक्षक समूहों का आभार व्यक्त किया और अपने अनुभव साझा किया गया। उन्होंने बताया कि यदि आप एक शिक्षक होने के नाते बेहतर कार्य करते हैं तो कोई भी आपका बुरा नहीं सोच सकता है। यदि आप हमेशा छात्र और समाज हित में बेहतर कार्य करेंगे तो ईश्वर भी आपको उसका अच्छा प्रतिफल देगा। इस दौरान एसएमडीसी अध्यक्ष गौरी साहू, पूर्व सरपंच लोखनाथ, कपूर साहू, ज्ञान प्रसाद यादव, रमेश साहू सरपंच पति शिव प्रताप उर्रे, प्रभारी प्राचार्य गुमगराकला, शिवब्रत पावले, दिनेश सिंह, अरूण दुबे, मनोज बड़ा, दिनेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।




## सेजस हिंदी माध्यम विद्यालय में मना संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**बिश्रामपुर।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव, श्यामा पांडेय, शाला विकास समिति के अध्यक्ष संजय सिंह,पार्षद अमरेश सिंह, सूरज सेठी,मिथलेश स्वर्णकार, सतपता सरपंच सरिता सिंह, सुभाष चंद्र पांडेय उपस्थित थे। कार्यक्रम में संकुल के विभिन्न विद्यालयों से आए नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगा लड्डू खिलाकर उनका स्वागत किया गया,साथ ही पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रतिवेदन संकुल प्राचार्य श्रीमती सुचित्रा खलखो द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें शासन के विभिन्न योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताकर विद्यालय कि गत वर्ष की उपलब्धि की जानकारी दी गई।यहाँ पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने बच्चों को विद्यालय प्रतिदिन आने के लिए प्रोत्साहित किया।पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देने की बात कही।उन्होंने विद्यालय के विकास के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।सेवानिवृत्त शिक्षक सुभाष चंद्र पांडेय द्वारा बच्चों को स्वरचित गीत सुनाकर उन्हें शिक्षा, संस्कार, अनुशासन पर ध्यान देने की बात कही और अपने जीवन के संस्मरण सुनाए गए। विद्यालय परिवार ने सुभाष चंद्र पांडेय और उनकी पत्नी द्वारा समाज के लिए मृत्यु उपरांत शरीर दान करने की घोषणा के लिए उनका शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया।कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।इसके पश्चात अतिथियों द्वारा एक-एक पौधरोपण कर उसके महत्व को स्थापित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सुनील सिंह द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन संकुल के जन शिक्षक पंकज सिंह द्वारा किया गया।



## महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला ने 3 जुलाई को चौकी में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि जनवरी 2023 से महिला के निवास स्थान पर किराए में रहने वाले मार्कंडेय मिश्रा ने उसे शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म किया। महिला जब शादी की बात करती तो वह टालमटोल करता रहा। इस दौरान वह उसे प्रतापपुर में ले जाकर अपने साथ रखा था लेकिन बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। महिला की शिकायत पर जांच उपरान्त पुलिस ने वाड्रफनगर निवासी मार्कंडेय मिश्रा आ. रामयश मिश्रा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 69 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।








## खबर संक्षेप



### ओपीएस के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय जीत कुंडो में जीते 6 स्वर्ण एवं 1 कांस्य पदक

**अंबिकापुर।** ओरिएंटल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने महाराष्ट्र के अंधेरी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में 14 एवं 15 जून को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जेट कुंडो चैम्पियनशिप में 6 स्वर्ण एवं 1 कांस्य पदक जीता है। प्रतियोगिता में अंश कुमार, दीपिका एक्का, तान्या केशरवानी, खुशी टोप्पो, विक्रांत साहू, छवि केशरवानी एवं साक्षी निकुंज, प्रशिक्षक अनिल बर्नवाल का चयन स्पर्धा के लिए किया गया। प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक हासिल किया है जबकि साक्षी निकुंज ने सरन के साथ ही एक कांस्य पदक भी हासिल किया है। प्राचार्य डॉ. आईए खान सूरी ने पदक विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

### साईं कालेज में कॉमर्स के विद्यार्थियों ने लहराया परचम





**अंबिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में श्री साईं बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बीकॉम तृतीय वर्ष के राहुल मिश्रा 73.44 फीसदी अंकों के साथ प्रथम, कंचन चौरसिया 72.44 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय तथा इसप्रिया खलखो 70.88 फीसदी अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। टीपीपी तृतीय वर्ष में मनीषा एक्का 73.33 फीसदी अंकों के साथ प्रथम, ब्रजेश कुमार एक्का 72.94 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय तथा रोहन राज अम्बष्ट 70.83 फीसदी अंकों के तीसरा स्थान वहीं कम्प्यूटर तृतीय वर्ष में अदिति पैकरा 74.66 फीसदी अंकों के साथ प्रथम, ग्रेगोरी तिर्की 71.72 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय तथा ज्यातिस्ना तिग्गा 71.16 फीसदी अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

### नशे के कारोबार में लिप्त परिवार के मकान पर चला बुलडोजर



**अंबिकापुर।** नशे के कारोबार में लिप्त परिवार के अवैध अतिक्रमण पर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपियों के दरिमा स्थित निवास पर प्रशासन ने बुलडोजर चलवा दिया है। वहीं अधिकारी अब शहर के खैरबार में भी फरार आरोपियों के सम्पति की जांच कर रहे है। बता दें कि मूलतः दरिमा हाल मुकाम खैरबार निवासी आरती सोनी और उसके पति मनोज सोनी नशे के कारोबार में लिप्त है। आरोपियों द्वारा गांजा, नशे की दवाएं और अन्य मादक पदार्थो की बिक्री की जाती है। हाल ही में पुलिस ने आरती सोनी को बड़े पैमाने पर नशीले इजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया था। इस बीच महिला अस्पताल से पुलिस अभिरक्षा से फरार भी हो गई थी जबकि महिला का पूरा परिवार लम्बे समय से फरार चल रहा है और पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही है। इस बीच जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने फरार चल रहे नशे के कारोबारियों के खिलाफ शिकंजा कसते हुए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने आरती सोनी और मनोज सोनी के दरिमा स्थित मकान पर बुलडोजर चलाया गया है। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर शासकीय भूमि पर किए गये अवैध निर्माण को तोडा गया है। इसके साथ ही अधिकारी अब आरोपियों के खैरबार स्थित मकान पर भी कार्रवाई करने की योजना बना रहे है।

### अतिक्रमण चिन्हाकित करने के बाद खुदवाया जा रहा सीपीटी



**बिहारपुर।** वन भूमि में ग्रामीणों द्वारा किए गए अतिक्रमण का चिन्हांकन करने के बाद विभाग सुरक्षा के लिए सीपीटी की की खुदाई करा रहा है। वन विभाग की टीम विभिन्न क्षेत्र के जंगलों में अतिक्रमण के चिन्हांकन का अभियान चला रहा है। अभियान के तहत टीम द्वारा अब तक चोंगा, करौटी एवं महुली जंगल के अतिक्रमण का चिन्हांकन किया है। तीनों जंगलों में लगभग 300 एकड़ वनभूमि में ग्रामीणों के खेत वहीं 40 से अधिक ग्रामीणों के अवैध मकान का चिन्हांकन किया गया है। वन भूमि में ग्रामीणों द्वारा बनाए खेतों में विभाग पौधरोपण की योजना बनाया है। भविष्य में ग्रामीण वन भूमि पर अतिक्रमण ना कर सके इसलिए विभाग वन भूमि की सुरक्षा के लिए सीपीटी की खुदाई करा रहा है। इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी मेवालाल पटेल ने बताया कि अवैध अतिक्रमण का प्रकरण तैयार कर डीएफओ कार्यालय भेजा गया है। डीएफओ कार्यालय द्वारा अतिक्रमण हटाने संबंधी नोटिस जारी आकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमित भूमि में पौधरोपण कराने का प्रस्ताव भी भेजा गया है। वन भूमि की सुरक्षा के लिए सीपीटी खुदवाया जा रहा है।

## भाजपा संगठन व जिला प्रशासन ने डाला डेरा

# भाजपा के शिविर की तैयारियां युद्ध स्तर पर



तिब्बती कैम्प के इसी हाल में होगा प्रशिक्षण शिविर, हाल को बनाया जा रहा साउंडप्रुफ।



तैयारियों का जायजा लेते एवं निर्देश देते भाजपा के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट में आयोजित भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग को अब मात्र दो दिन शेष है। तैयारियों को लेकर संगठन व प्रशासन ने मैनपाट में कैंप ही लगा लिया है। शिविर के आयोजन को लेकर युद्ध स्तर पर चल रही तैयारियों के बीच इस बात का पूरा ख्याल भी रखा जा रहा है कि मंत्री, सांसद व विधायकों की सुविधा के साथ सुरक्षा में कोई भी चूक न होने पाए।

**खास बात**
- 6 की सुबह से ही सुरक्षा घेरे में होगा पूरा मैनपाट

7, 8 व 9 जुलाई को मैनपाट में आयोजित होने वाले भव्य आयोजन की तैयारियों में दिन रात एक किया जा रहा है। लगातार खराब मौसम की वजह से छोटी परेशानियां भी बड़ी चुनौती बनकर सामने खड़ी हो जा रही है। ऐसे में फिर प्रशासन हो या संगठन उन्हें हर काम के लिए दोगुनी मेहनत करनी पड़ रही है।

### साउंडप्रूफ बन रहा प्रशिक्षण हॉल


तिब्बती कैंप नम्बर एक ही इस आयोजन के मेन पावन हब बनेगा। कैंप में बने फेन्देलींग कम्युनिटी हॉल में मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्रियों, सांसदों एवं विधायकों की तीन दिनों तक कक्षाएं लगने वाली है। इसी हॉल में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ ही बीएल संतोष, शिव प्रकाश व विनोद तावड़े जैसे दिग्गज शख्सियत मंत्रियों व सांसद, विधायकों को सत्ता व संगठन के गूढ़ रहस्य बताने वाले है। इस वजह से फेन्देलिंग कम्युनिटी हॉल को साउंडप्रूफ बनाया जा रहा है। प्लाई व अन्य आवश्यक संसाधनों के सहारे इस पूरे हॉल को आधुनिक तरीके से साउंड बनाने का काम चल रहा है। प्रशिक्षण शिविर तक इस हॉल सरगुजा के आदिवासी नेता स्व.लरंगसाय सभा कक्ष का नाम दिया जा रहा है।

### भाजपा के विकास यात्रा पर प्रदर्शनी

प्रशिक्षण हॉल के ही नजदीक एक बड़े प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है। यहां भाजपा के स्थापना से लेकर आज तक के संगठनात्मक सफर को बताया जाएगा। संगठन के संघर्ष व बलिदान पर आधारित इस प्रदर्शनी के जरिए कार्यकर्ताओं को जागरूक किया जाएगा।

### 6 की सुबह से सुरक्षा घेरे में होगा प्रशिक्षण शिविर

6 जुलाई की सुबह से प्रशिक्षण शिविर फारेस्ट रेस्ट हाउस, करमा रिसॉर्ट, शैला रिसॉर्ट सहित अन्य सभी आरक्षित किए गए होटल आदि सुरक्षा घेरे के दायरे में होंगे। जिले में मौजूद पुलिस फोर्स, सीआरपीएफ के अलावे बाहर से भी फोर्स आज से मैनपाट पहुंचने शुरू हो गए है। 6 जुलाई से मैनपाट में सुरक्षा अलर्ट होगा। आम लोगों के लिए शैला, करमा, मोटल व कैंप नंबर एक की ओर जाना जाना इतना आसान नहीं होगा।




### प्रशासन व भाजपा नेताओं ने डाला डेरा

आयोजन में मुख्यमंत्री समेत पूरा मंत्री मंडल, पूरी सरकार ही शामिल होने जा रहा है। इस नाते जिला प्रशासन के आला अधिकारियों की पूरी फौज ही मैनपाट में डेरा डाले हुए है। कलेक्टर विलास भोस्कर, एसपी राजेश अग्रवाल सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार के साथ पीडब्ल्यूडी, पीएचई, एरिगेशन, उद्यानिकी, फॉरेस्ट के सभी वरिष्ठ अधिकारी भी मैनपाट में डेरा डाले हुए है। इसके साथ ही प्रशिक्षण शिविर के आयोजन की जिम्मेदारी निभा रहे छग हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव व वरिष्ठ नेता अखिलेश सोनी, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, विधायक राम कुमार टोप्पो, अम्बिकेश केशरी, हरपाल भामरा, देव नारायण यादव जिला पंचायत उपाध्यक्ष,अनिल सिंह जनपद उपाध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ भाजपाईयों ने अपना कैंप लगा रखा है।

## योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने ग्राम झलरिया पहुंची प्रभारी सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश की खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की सचिव तथा बलरामपुर-रामानुजगंज जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले शुक्रवार को जिले के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंची। इस दौरान उन्होंने शासन के योजनाओं की प्रगति का आंकलन करने हितग्राहियों से मुलाकात की। उन्होंने महिला स्व-सहायता समूह की लखपति दीदी से मुलाकात कर उनकी आजीविका गतिविधियों की सराहना की। प्रभारी सचिव ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। ग्राम झलारिया पहुंचने पर प्रभारी सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले का स्वागत ग्रामीण महिलाओं ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपरा के अनुसार पारंपरिक गीतों और तिलक लगाकर किया।

- सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने की ग्रामीणों व हितग्राहियों से मुलाकात

इसके पश्चात प्रभारी सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी श्रीमती मानकी देवी से मुलाकात की और उनके पुराने एवं वर्तमान आवास अनुभवों पर चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया पानी बचाने की जिम्मेदारी केवल शासन की नहीं, समाज की भी है। जब गांव जागरूक होंगे, तभी जल का भविष्य सुरक्षित होगा। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने श्रीमती फूलमती कुमरिया के निवास पर पहुंचकर उनके टमाटर की फसल का अवलोकन किया। श्रीमती फूलमती ने स्व-सहायता समूह से लोन लेकर 1 एकड़ भूमि में टमाटर की खेती की है। श्रीमती फूलमती ने बताया कि वह अब तक उन्हें 70 हजार का टमाटर का विक्रय कर चुकी है और लगभग उतनी ही फसल उनके खेत में लगी हुई है। श्रीमती फूलमती ने आभार स्वरूप टमाटर से भरी टोकरी प्रभारी सचिव को भेंट की। इस दौरान जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, जनपद पंचायत सीईओ, स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



### पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय में की मुलाकात

बलरामपुर जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने विकासखंड बलरामपुर स्थित पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय, भेलवाडीह का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ कलेक्टर राजेन्द्र कटारा, पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल, डीएफओ आलोक कुमार बाजपेयी, जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर मौजूद रहे। विद्यालय पहुंचते ही प्रभारी सचिव का नन्हें छात्र-छात्राओं ने मिलकर मनमोहक गीत के माध्यम से उनका स्वागत किया। बच्चों के साथ संवाद करते हुए प्रभारी सचिव ने न केवल उनका नाम, कक्षा और गांव के बारे में जानकारी ली, बल्कि उनके सपनों के बारे में जानने की कोशिश की। जब उन्होंने पूछा "बड़े होकर क्या बनना चाहते हो?", तो उत्तर में किसी ने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई, किसी ने शिक्षक, किसी ने इंजीनियर। बच्चों की आंखों में झलकते आत्मविश्वास और उनके सपनों की उड़ान को देख उन्होंने कहा कि पढ़ाई, अनुशासन और आत्मविश्वास से आप जीवन में किसी भी ऊंचाई तक पहुंच सकते हो।

## घुनघुट्टा बांध का खोला गया गेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

श्याम घुनघुट्टा बांध के लबालब होने के बावजूद लगातार पानी का भराव होने के कारण विभाग को बांध का एक गेट खोलना पड़ा। बांध के पानी को नियंत्रित करने के लिए विभाग ने शुक्रवार को बांध के चौथे गेट को 10 इंच खोल दिया है जिससे तेज धार से बांध का पानी घुनघुट्टा नदी में बह रहा है। हालांकि नदी में अभी इतना पानी नहीं छोड़ा जा रहा है कि किसी को समस्या हो।

- लगातार जल भराव होने के कारण बहाया जा रहा बांध का पानी

मानसून की अनुकूल परिस्थितियों में पिछले 10 दिनों से शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में रूक-रूक कर बारिश हो रही है। गुरुवार को घुनघुट्टा बांध में 81 फीसदी पानी भरने पर अधिकारियों ने कभी भी गेट खोलने की स्थिति निर्मित होने की संभावना जताई थी। बीती रात मैनपाट में अच्छी वर्षा होने के कारण शुक्रवार को सुबह बांध में क्षमता सका 92.34 फीसदी पानी भर गया। स्थिति को देखते हुए विभाग ने सुबह 11.50 बजे बांध का एक गेट खोलने का निर्णय लिया। भविष्य में मूसलाधार बारिश होने की स्थिति में बांध के दूसरे गेट को भी खोलने की



जरूरत पड़ सकती है। घुनघुट्टा सिंचाई बांध की कुल क्षमता 62.05 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी भण्डारण की है जबकि शुक्रवार को सुबह 57.03 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी भर गया था जो बांध की क्षमता का 92.34 फीसदी है। विभाग द्वारा बांध के पानी को नियंत्रित करने एक गेट को खोला गया है। इधर शुक्रवार को बारिश की रफ्तार कम हुई है। शुक्रवार को भी आसमान पर घने बादल छाए रहे तथा बीच-बीच में बूंदाबादी भी हुई। शुक्रवार को बारिश के कमजोर पड़ने से लोगों को काफी राहत मिली है। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता एपी निरंजन ने बताया कि पानी को नियंत्रित रखने बांध का चौथा गेट खाला गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## ट्रैक्टर से सांसद पहुंचे दुर्गम गांव, बारिश के बीच सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

बारिश से भीगी पगडंडियां, कीचड़ में सने रास्ते और घने जंगलों के बीच बसा वह गांव जहां न सड़क है, न पुल और न ही बुनियादी सुविधाओं की पहुंच है। ऐसे दुर्गम हालात में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने ट्रैक्टर से सफर तय कर जिले के ओड़गी विकासखंड के अत्यंत पिछड़े बड़वारीपारा पहुंचकर वहां निवासरत विशेष पंडो जनजाति के लोगों से मुलाकात की। जो वर्षों से शासन-प्रशासन की अनदेखी का सामना कर रहे हैं। बारिश के बावजूद सांसद ने न सिर्फ ग्रामीणों की व्यथा सुनी, बल्कि शिक्षा, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य, पेयजल और छात्रावास की बदहाल स्थिति पर जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। गांव में आज भी करीब 61 बच्चे विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र से वंचित हैं। गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार के लिए मीलों पैदल चलना पड़ता है और बीमारों को इलाज के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

- छात्रावास की बदहाल स्थिति को देख अधिकारियों को लगाई फटकार

विकासखंड ओडगी से करीब 60 किलोमीटर दूर घने जंगलों और नदी-नालों के बीच बसे ग्राम पंचायत विजो छतौली के बड़वारीपारा का इलाका जहां विशेष पंडो जनजाति के निवास करते है। यह क्षेत्र रिजर्व फॉरेस्ट क्षेत्र में आता है, जिससे विकास के अधिकांश कार्य वर्षों से ठप पड़े हैं और मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। आज भी विशेष पंडो जनजाति घने जंगलों और नदियों के बीच कच्चे रास्तों पर जिंदगी गुजारने को मजबूर है। वर्षों से विकास की मुख्यधारा से कटे इन लोगों की सुध लेने न तो कोई अधिकारी पहुंचा और न ही कोई जनप्रतिनिधि। इधर सांसद चिंतामणि ने न सिर्फ यह दूरी मिटाई बल्कि बारिश और दुर्गमता की परवाह किए बिना ही ग्रामीणों से रूबरू होने पहुंच गए। करीब आठ माह पहले बिहारपुर प्रवास के दौरान सांसद को पहली बार इस क्षेत्र की जानकारी मिली थी, उसी रात वे बड़वारी पारा पहुंचे थे और लोगों से सीधी बात कर समस्याएं सुनीं थीं। आठ महीने बाद उन्होंने दोबारा गुरुवार को बड़वारीपारा की राह पकड़ी और इस बार साथ में प्रशासनिक अमला भी था। मगर जब उन्हें यह ज्ञात हुआ कि राजस्व मामलों को छोड़कर बाकी समस्याएं जस की तस हैं तो उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को फटकार लगाई। महिला एवं बाल विकास विभाग और शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही सामने आई। आज भी लगभग 61 बच्चे स्कूल या आंगनबाड़ी नहीं जा पाते, क्योंकि केंद्र 5 किमी दूर है। गांव में न पीने का साफ पानी, न सड़क, न स्वास्थ्य सुविधा है जिस पर सांसद ने तत्काल सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर अस्थायी केंद्र और पेयजल की व्यवस्था की जाए। उल्लेखनीय है कि बड़वारीपारा की गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार के लिए 5 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है और बीमारों को कंधे पर ले जाना आम बात है।

ऐसे में सांसद का दौरा लोगों के लिए उम्मीद की नई किरण बन गया जिसकी ग्रामीणों ने जमकर सराहना की है। सांसद के साथ प्रवास में सत्यनारायण सिंह, प्रकाश दुबे, राजेश्वर तिवारी, प्रदीप द्विवेदी, संजय गुप्ता, मुकेश श्रीवास्तव, गयानंद जायसवाल समेत भाजपा कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।



### छात्रावासों की दुर्दशा पर जताई नाराज़गी

सांसद चिंतामणि महाराज ने ग्राम पंचायत खोड़ स्थित कन्या और बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। छात्रावास आदिवासी बच्चों की शिक्षा के लिए चलाई जाती है परंतु वहां न तो बच्चों को अच्छा भोजन मिल रहा था, न गणवेश, न पर्याप्त बेड और न ही समुचित शिक्षा, भवन जर्जर, खिड़कियां टूटी थी, बिजली नहीं थी और शिक्षकों की भी कमी पाई गई। यह देखकर सांसद ने तत्काल सहायक आयुक्त से फोन पर बात कर सभी व्यवस्थाओं में सुधार और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
7 दिन
स्लीपर मात्र 12,500/-
गोवा-बाम्बे
महालक्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्धिविनायक, गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी, नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सेंत जोवेलियर्स चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच
19 जुलाई, 14 अगस्त, 6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर
राशिः-स्लीपर -12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411